भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2489

उत्तर देने की तारीख 05 मार्च, 2020
15 फाल्गुन, 1941 (शक)

आईस हॉकी खेल

2489. श्री जामयांग शेरिंग नामग्यालः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की अपने उपकरणों पर स्वयं के खर्च से विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे विशेष रूप से लद्दाख संघ राज्यक्षेत्र के आइस हॉकी खिलाड़ियों को खेल उपकरणों की आपूर्ति करने की योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या विदेशों से खेल उपकरण खरीदे गए हैं और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख के खिलाड़ियों के बीच वितरित किए गए हैं; और

(घ) यदि हां, तो उन देशों और एजेंसियों के नाम क्या हैं जहां से उक्त उपकरणों का आयात किया गया था और उक्त आयात के लिए किए गए भुगतान का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख): खेल राज्य का विषय होने के कारण खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है । केंद्रीय सरकार अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं के लिए खिलाड़ियों की तैयारी और प्रतिभागिता के लिए राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एसएसएफ) तथा भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्रों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण सुविधाओं का संचालन करने के लिए सहायता प्रदान करके राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को उनके प्रयासों में सहायता करती है । वर्तमान में आइस हॉकी खेल के लिए किसी भी राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) को मान्यता प्रदान नहीं की गई है । लद्दाख सहित देशभर के आइस हाकी खिलाड़ी सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त कर अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में प्रतिभागिता करें, यह सुनिश्चित करने के लिए यदि आइस हाकी खेल के लिए एनएसएफ के रूप में सरकारी मान्यता प्राप्त करने संबंधी किसी खेल निकाय से प्रस्ताव प्राप्त होता है तो सरकार इस प्रकार के निकाय को मान्यता प्रदान करने पर विचार करेगी।

आइस हॉकी को बढ़ावा देने के लिए इस मंत्रालय ने आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया को मान्यता प्रदान की है जो लेह महोत्सव के दौरान आइस हॉकी खेल में स्थानीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए 2.00 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्राप्त करने का पात्र है ।

(ग) संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख में खिलाड़ियों के बीच वितरण के लिए इस मंत्रालय द्वारा विदेश से कोई उपकरण नहीं खरीदे गए हैं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

****